**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–01.05.2025 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा–फिल्म निर्माण, डिजिटल कंटेंट सहित कई क्षेत्रों में वैश्विक केंद्र के रूप में उभर रहा देश, वेव्स सम्मेलन में एनीमेशन–ग्राफिक्स उद्योग के लिए गिनाईं संभावनाएं।**
2. **मतदाता सूची को अद्यतन करने के लिए चुनाव आयोग की तीन नई पहल, मृत्यु पंजीकरण डेटा का उपयोग, बूथ लेवल अधिकारियों को पहचान पत्र देना और मतदाता पर्ची को अधिक स्पष्ट बनाना शामिल।**
3. **झारखंड एटीएस ने हिज़्ब–उत्त–तहरीर आतंकी संगठन के एक और संदिग्ध को किया गिरफ्तार, आपत्तिजनक दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस किए बरामद।**
4. **रांची में कांग्रेस ओबीसी मोर्चा ने केंद्र के जातीय जनगणना के फैसले का किया स्वागत, कहा–सरकार समयसीमा और फंडिंग जल्द करे सुनिश्चित।**
5. **आईपीएल टी20 क्रिकेट में आज राजस्थान रॉयल्स का सामना मुंबई इंडियंस से होगा।**

**********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देश फिल्म निर्माण, डिजिटल कंटेंट, गेमिंग, फैशन, संगीत और लाइव कॉन्सर्ट के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में उभर रहा है। श्री मोदी ने मुंबई में वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट–वेव्स 2025 के उद्‌घाटन के अवसर यह बात कही।

उन्होंने कहा कि वैश्विक एनीमेशन बाजार में अपार संभावनाएं हैं। वर्तमान में यह बाजार 4 खरब 30 अरब डॉलर से अधिक का है और अगले दशक में इसके दोगुना होने की संभावना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भारत के एनीमेशन और ग्राफिक्स उद्योग के लिए महत्वपूर्ण अवसर है।

**********************

चुनाव आयोग ने मतदाता सूची को अद्यतन और अधिक सटीक बनाने के लिए तीन नई पहलों की घोषणा की है। अब मृत्यु पंजीकरण के डेटा को इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त कर मतदाता सूची से मृत व्यक्तियों का नाम हटाना अधिक प्रभावी होगा। बूथ लेवल अधिकारियों को अब मानक फोटो पहचान पत्र दिए जाएंगे ताकि जनता उनसे आसानी से संपर्क कर सके। मतदाता सूचना पर्चियों को अब अधिक उपयोगकर्ता अनुकूल बनाया जाएगा, जिसमें मतदाता की सीरियल संख्या और भाग संख्या बड़े फॉन्ट में स्पष्ट रूप से दिखाई जाएगी।

**********************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत रांची ग्रामीण क्षेत्र के 10 सड़कों की अनुशंसा की है। इन सड़कों का निर्माण जल्द शुरू होगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के गांव मुख्य सड़क से जुड़ सकेंगे। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की हर ग्रामीण सड़क को मुख्य सड़क से जोड़ने की दिशा में काम तेजी से चल रहा है।

**********************

झारखंड एटीएस ने आतंकवादी संगठन हिज़्ब–उत्त–तहरीर से जुड़े एक और संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। आरोपी राज्य के विभिन्न जिलों में कट्टरपंथी संगठनों से जुड़कर प्रचार, भर्ती और अवैध फंडिंग में शामिल था। गिरफ्तार आरोपी के पास से भारी मात्रा में आपत्तिजनक दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त किए गए हैं, और मामला यूएपीए एक्ट के तहत दर्ज किया गया है।

**********************

राजधानी रांची में प्रदेश कांग्रेस ओबीसी मोर्चा ने केंद्र सरकार द्वारा जातीय जनगणना कराने के फैसले का स्वागत किया है। ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष अभिलाष साहू ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राहुल गांधी के लंबे संघर्ष का यह परिणाम है। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना सिर्फ घोषणा बनकर न रह जाए, इसके लिए समयसीमा और फंडिंग सुनिश्चित होनी चाहिए।

कांग्रेस नेता राजन वर्मा और राजेश गुप्ता ने भी समर्थन जताते हुए कहा कि राहुल गांधी जिसकी जितनी आबादी, उसकी उतनी भागीदारी के पक्षधर रहे हैं।

**********************

आज अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने श्रमिक दिवस की सभी को शुभकामनाएं दी है।

इधर सरायकेला—खरसावां में मजदूर दिवस के अवसर पर कोल्हान मजदूर यूनियन ने एक विशेष गोष्ठी का आयोजन किया। गम्हरिया के घोड़ा बाबा मंदिर में आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक अरविंद सिंह ने मजदूरों के शोषण, न्यूनतम मजदूरी और अधिकारों की अनदेखी पर चिंता जताते हुए यूनियन को मजबूत करने की अपील की।

******************

आईसीएसई दसवीं की परीक्षा में खूंटी जिले से 227 विद्यार्थी शामिल हुए थे जिसमें 97 प्रतिशत रिजल्ट रहा। और जानाकरी के साथ हमारी संवाददाता—

******************

**कुछ संक्षिप्त खबरें**

- ग्रामीण आजीविका निदेशक एस.एम. राजेश्वरी ने खूंटी के शिल्दा और गुटजोरा गांवों में महिला किसानों से मुलाकात कर खेती और पशुपालन की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने महिला समूहों से बैंक लिंकेज, ऋण अदायगी और मार्केटिंग संबंधी जानकारी लेकर उन्हें समूह सशक्तिकरण के सुझाव दिए।
- ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह ने आज साहिबगंज में विभागीय पदाधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, मनरेगा और अन्य योजनाओं की प्रगति, गुणवत्ता और समयबद्धता की समीक्षा की।
- दक्षिण पूर्व रेलवे के जेनरल मैनेजमेंट अनिल कुमार मिश्रा ने सरायकेला खरसावां जिले में मानिकुई स्वर्णरेखा रेलवे ओवर ब्रिज का निरीक्षण कर इसके निर्माण कार्य के समापन की घोषणा की और इसे क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि बताया।
- दुमका जिले के बासुकिनाथ श्रावणी मेला महोत्सव की तैयारी शुरू कर दी गई है। उपायुक्त ए दोड्डे की अध्यक्षता में हुई पहली बैठक में उन्होंने मेला क्षेत्र की व्यवस्थाओं को उच्च कोटि की बनाने की बात की। इस दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सेवा को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए।

******************

राजधानी रांची सहित झारखंड के कई जिलों में आज दोपहर बाद मौसम ने करवट ली और तेज बारिश के साथ आंधी चली। रांची में मूसलधार बारिश और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवा से तापमान छह डिग्री गिरकर 27 डिग्री तक पहुंच गया। मौसम विभाग के पूर्वानुमान अनुसार 8 मई तक राज्य के कुछ हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश और वज्रपात की संभावना जताई गई है। इस दौरान अधिकतम तापमान 32 से 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 19 से 24 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है।

******************

आईपीएल टी20 क्रिकेट में आज राजस्थान रॉयल्स का जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में मुंबई इंडियंस से मुकाबला होगा। मैच शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा। सभी की निगाहें फिर से 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी पर होंगी, जिन्होंने अपने पिछले मैच में 35 गेंदों में रिकॉर्ड तोड़ शतक लगाकर क्रिकेट जगत को चौंका दिया था।

***************